पंजाब केसरी 21/02/2025

# जी.एम.एन. स्टार्टअप सैंटर उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने की अहम पहल : डा. रोहित दत्त

अम्बाला, 20 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में जी.एम.एन. स्टार्टअप सैंटर की शुरुआत करने के लिए उद्यमिता पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किया गया था। सत्र का संचालन कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन और देखरेख में किया गया।

उन्होंने स्टार्टअप, इनोवेशन और इनक्यूबेशन की दुनिया में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिसका उद्देश्य छात्रों को अपनी उद्यमशीलता यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित करना रहा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जी.एम.एन. स्टार्टअप सैंटर छात्रों के बीच उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने और उन्हें अपने विचारों को सफल उद्यमों में बदलने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं समर्थन से लैस करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।



*जी.एम.एन. कॉलेज में उद्यमिता पर व्यावहारिक सत्र को संबोधित करते विशेषज्ञ।*

सत्र का नेतृत्व कपिल मदान ने किया, जिसमें बी.सी.ए., बी.बी.ए., एम.सी.ए., एम.बी.ए., बी.एस.सी., बी.ए. और बी.कॉम सहित विभिन्न विषयों के छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम की शुरुआत जी.एम.एन. स्टार्टअप सैंटर की सदस्या डा. गीता कौशिक द्वारा की गई। इसके बाद केंद्र की समन्वयक डा. प्रबलीन कौर ने छात्रों को उद्यमशीलता के अवसरों का पता लगाने और स्टार्टअप केंद्र द्वारा प्रदान किए गए संसाधनों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।